**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**06 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 63 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण। कहा– पिछले नौ वर्ष में सरकार ने प्रदेश में नहीं लगाया एक भी नया टैक्स।
- केन्द्र सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने की अपील की। उपभोक्ताओं को गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने की दी सलाह।
- दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राष्ट्रीय राजधानी और प्रदेश के कुछ हिस्सों में नकली दवा बनाने के अवैध कारोबार पर की कार्रवाई। अब तक हो चुकी है आधा दर्जन लोगों की गिरफ्तारी।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज भी कहीं कहीं हो सकती है बारिश। पश्चिमी जिलों में शुष्क रहेगा मौसम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। दौरे के पहले दिन कल शाम उन्होंने तिरसठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के पाण्डेयहाता में चौंतीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने उनतीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से ऐतिहासिक घंटाघर के जीर्णोद्धार और शहीद बन्धु सिंह मल्टीलेवल पार्किंग तथा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपराधियों के प्रति सख्ती तथा आमजन और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

**ये दंगे–फसाद, कर्फ्यू, गुण्डागर्दी, अराजकता, लूट–खसोट उसके दिन लद गये हैं और हमने तय किया है कि जीरो टॉलरेंस की नीति इनपे लगातार बनी रहेगी किसी भी गुण्डे को और किसी भी माफिया को उत्तर प्रदेश की धरती पे पनपने नहीं देंगे और अगर उसने पनपने का दुस्साहस किया तो उसकी जहां जगह होगी वहां उसको जरूर पहुंचायेंगे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जीवन सुगमता और कारोबारी सुगमता बढ़ाते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रही है।

**हमनें पिछले नौ वर्ष में प्रदेश में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया है और उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना पहुंचाया है। जो टैक्स दे रहा है उसको नया टैक्स नहीं उसको राहत देने की आवश्यकता है और टैक्स की व्यवस्था वैसे ही होनी चाहिए जैसे बादल समुद्र से जल लेते हैं और फिर बरसात कर के वापस दे देते हैं।**

गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह और दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में कम्प्यूटर रिसर्च लैब के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेगें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने पर कल से बारह अप्रैल तक आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन और दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। समारोह में श्री योगी ने कहा कि भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने नाटकों को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बनाया था और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये हिंदी तथा खड़ी बोली के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगमंच एक प्रभावी माध्यम है और इससे समाज तथा जनचेतना की दिशा तय होती है।

**रंगमंच इस समाज का दर्पण होता है और वह समाज की दिशा तय करती है और रंगमंच वही है जहां पर भावनाएं शब्द बनती है और वह शब्द अभिनय बनते हैं और यही अभिनय जनचेतना बनकर के समाज को एक नई दिशा देता है जैसे आनंद मठ के वंदे मातरम गीत अपने आप में यह कहने के लिए पर्याप्त है कि राष्ट्रभक्ति क्या होती है, स्वराज का महत्व क्या है, पराधीनता क्या होती है।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित उपन्यास आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति भी देखी ।

**********

केन्द्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि फरवरी दो हजार छब्बीस से चार अप्रैल तक एलपीजी आपूर्ति तिरपन प्रतिशत से बढ़कर नब्बे प्रतिशत हो गई। मंत्रालय ने कहा है कि मार्च दो हजार छब्बीस से लगभग तीन लाख साठ हजार पीएनजी गैस कनेक्शन दिये गए है।

**********

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राष्ट्रीय राजधानी और प्रदेश के कुछ हिस्सों में नकली दवा बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में अब तक 06 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा के उपायुक्त आदित्य गौतम ने कहा कि मुजफ्फरनगर की फैक्ट्री से नकली दवा बनाने के लिए दो हजार किलो कच्चा माल प्राप्त हुआ है।

**मुजफ्फरनगर में पूरी फैक्ट्री बस्ट की और इस फैक्ट्री में करीब हमें 2000 किलो रॉ मैटेरियल जो इन नकली दवाइयां को बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा था। वह मिला है और कई तरह की मशीन मिली है। पूरी फैक्ट्री का सेटअप था। इन मशीनों से इन दवाइयों को बनाया जा रहा था और इनको ब्रांड और लेबल के हिसाब से पैक किया जा रहा था, और आगे सप्लाई किया जा रहा था।**

**********

प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत राज्य में महिला ई–रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, ताकि बालिकाओं और महिलाओं को जरूरी स्थानों तक सुरक्षित परिवहन सुलभ हो सके। एक रिपोर्ट–

**सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एक हजार ई–रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जा रहा है। इस पहल का सीधा संबंध महिला सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई–रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराये गये हैं। इस योजना का असर सड़क तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा पर पूर्वोत्तर राज्य असम के डिब्रूगढ़ स्थित चाय बागान के तीस श्रमिकों का दल कल सुबह अयोध्या पहुंचा। अयोध्यावासियों के आतिथ्य से अभिभूत इन श्रद्धालुओं ने वहां के लोगों के प्रति आभार जताया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से–

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ स्थित मनोहारी बागान के श्रमिकों से पूछा क्या उन्होंने रामलला के दर्शन किए हैं ? जिसका उत्तर ना में मिला, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से श्रमिकों का वही ना हां में बदल गया और चाय बागान के 25 महिलाओं सहित 30 श्रमिकों का अयोध्या के धार्मिक परिवेश से साक्षात्कार हुआ,श्रमिकों ने अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान किया,राम मंदिर की कलात्मक भव्यता निहारा और राम लला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे, इसके अतिरिक्त नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल और कनक भवन में भी पूजा अर्चना किया और कहा यह पल हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी जिलों में आज मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

**********